# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
FRIDAY, JULY 7, 2023

NAME OF NEWSPAPERS--------

## DDA opens facilitation centre for slum dwellers in Ashok Vihar

Times News Network

**New Delhi:** Delhi Development Authority on Thursday inaugurated a facilitation centre adjacent to the JJ cluster, Jailorwala Bagh in Ashok Vihar, to avoid inconveniencing the dwellers.

Facilities like distribution of demand-cum-allotment letters to 1078 eligible families, provision of loan by financial institutions to desirous allottees, preparation and submission of documents for possession, and issuance of possession letters will be available at the centre, said a DDA official.

DDA is also going to organise a mega camp under the housing scheme (First-Come-First-Served (FCFS) Scheme Phase IV) on July 8 and 9, from 10am to 6pm, at the community hall in Pocket 1C, Sector A1-A4, Narela.

The camp will facilitate an on-spot registration of flats as well as addressing any queries, issues and doubts of those interested. Additionally, bank representatives will be available to assist with loan arrangements and related queries.

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 7 जुलाई, 2023

## डीडीए नरेला में आठ और नौ जुलाई को लगाएगा मेगा कैंप

**जासं, बाहरी दिल्ली** : डीडीए ने आवास योजना-2023 के तहत फ्लैट की बिक्री के लिए आठ और नौ जुलाई को नरेला में मेगा कैंप लगाया जाएगा।कैंप में डीडीए अधिकारी पंजीकरण, अन-द-स्पाट, साइट और फ्लैट विजिट के साथ-साथ ग्राहकों के प्रश्न व संदेह का निराकरण करेंगे। कैंप में बैंक और एनबीएफसी प्रतिनिधि ऋण व्यवस्था और संबंधित सवालों का जवाब देंगे। जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन से मेगा कैंप स्थल तक और वापस आने के लिए परिवहन सुविधाएं भी डीडीए द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। यह कैंप नरेला के पाकेट-1सी सामुदायिक हाल में लगाया जाएगा। कैंप का समय सुबह 10 बजे से लेकर शाम छह बजे तक रहेगा।डीडीए के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) लोगों को किफायती आवास विकल्प प्रदान करने और पहले आओ-पहले पाओ (एफसीएफएस) योजना चरण IV में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नरेला में मेगा कैंप लगा रहा है। इच्छुक व्यक्तियों को फ्लैट देखने की अनुमति मिलेगी।इसके अलावा आवास विभाग ने अपने कर्मचारियों को विकास सदन, आईएनए स्थित प्रधान कार्यालय में नागरिक सुविधा केंद्र में उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ग्राहकों के मार्गदर्शन और सहायता करेंगे।

7 जुलाई, 2023 दैनिक जागरण

## डीडीए ने एक हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैट का किया आवंटन

**राब्यू, नई दिल्ली** : डीडीए ने इन सीटू पुनर्वास परियोजना, यानी जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना के तहत 1,078 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग फ्लैटों का आवंटन किया है। परियोजना के तहत जेलरवाला बाग व अशोक विहार के जेजे क्लस्टर के पात्र परिवारों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित किए गए हैं।

डीडीए के अनुसार एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर एक सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र जेजे क्लस्टर के पास है। बृहस्पतिवार को चांदनी चौक से सांसद डा. हर्षवर्धन ने इस सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र में जेजे क्लस्टर के निवासियों को मांग-सह-आवंटन पत्रों का वितरण, इच्छुक आवंटियों को वित्तीय संस्थान द्वारा लोन के प्रविधान की सुविधा, संपत्ति के कब्जे के लिए दस्तावेज तैयार व जमा करना और संपत्ति के लिए कब्जा पत्र जारी करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

THE INDIAN EXPRESS, FRIDAY,

## DDA allocates 1,078 EWS flats

New Delhi: The Delhi Development Authority (DDA) has allocated 1,078 economically weaker section (EWS) flats under the Seetu Punarwas Yojana, a scheme aimed at replacing slums with housing. The DDA has allocated the flats to eligible families in the Jwalapuri Bagh and Ashok Vihar clusters. Demand-based allocation letters were issued to all these families on June 27, a statement said. PTI

हिन्दुस्तान

3

## आवासीय योजना के लिए दो दिन तक मेगा कैंप लगेगा

डीडीए द्वारा पहले आओ, पहले पाओ आवासीय योजना के चौथे चरण के लिए नरेला में मेगा कैंप का आयोजन होगा। यह 8 और 9 जुलाई को सुबह 10 से शाम 6 बजे नरेला सेक्टर-ए1 व ए4 के पॉकेट-1सी के सामुदायिक हॉल में आयोजित होगा। अधिक जानकारी 1800110332 पर प्राप्त करें।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी DELHI
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जुलाई 2023 RS------------------------------------DATED--------------------

## डीडीए ने एक हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैट का किया आवंटन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इन सीटू पुनर्वास परियोजना यानी जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना के तहत 1,078 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग फ्लैटों का आवंटन किया है। डीडीए ने परियोजना के तहत जेलरवाला बाग व अशोक विहार के जेजेक्लस्टर के योग्य परिवारों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित किए हैं। इन सभी परिवारों को मांग सह आवंटन पत्र 27 जून, 2023 को जारी कर दिया गया था। दिल्ली विकास प्राधिकरण के अनुसार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के निर्देश पर एक सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र जेजेक्लस्टर के पास है। गुरुवार को चांदनी चौक से सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन ने इस सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र में जेजेक्लस्टर के निवासियों को मांग सह आवंटन पत्रों का वितरण, बायोमेट्रिक प्राप्त करना, इच्छुक आवंटियों को वित्तीय संस्थान द्वारा लोन के प्रावधान की सुविधा, संपत्ति के कब्जेके लिए दस्तावेज तैयार करना व जमा करना और संपत्ति के लिए कब्जा पत्र जारी करने जैसी सुविधाएं केंद्र में उपलब्ध होंगी।

**डीडीए ने परियोजना के तहत जेजेक्लस्टर के योग्य परिवारों को दिए फ्लैट**

## फ्लैट बेचने से पहले डीडीए लोगों को स्थल का कराएगा मुआयना

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली विकास प्राधिकरण के किफायती आवास के लिए अगर आप ऑन द स्पॉट पंजीकरण कराना चाहते हैं या फिर फ्लैट देखना चाहते हैं तो डीडीए का मैगा कैंप में आपकी इस समस्या का समाधान हो जाएगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण लोगों की सुगम भागीदारी को सुनिश्चित करने के नरेला में मेगा कैंप का आयोजन कर रहा है। मेगा कैंप को पॉकेट 1सी, सेक्टर ए1-ए4, नरेला में 8 और 9 जुलाई, 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सामुदायिक हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस कैंप का उद्देश्य डीडीए के कर्मचारियों द्वारा आम जनता को इस योजना में ऑन-द- स्पॉट पंजीकरण करने, स्थल और फ्लैट दिखाने के संबंध में व्यापक सहायता प्रदान करने के साथ-साथ उनके किसी भी प्रश्न और संदेह का समाधान करने में सहायता करना है। इसके अतिरिक्त, बैंक, एनबीएफसी प्रतिनिधि ऋण व्यवस्था करने और उससे संबंधित प्रश्नों के लिए आम जनता की सहायता करने के लिए डीडीए के अधिकारी यहां उपलब्ध रहेंगे। नोडल अधिकारी फ्लैटों को देखने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को अनुमति देते हुए नामित स्थलों पर दौरे को सरल बनाएंगे। नोडल अधिकारियों का स्थल-वार विवरण http://eservices. dda. org.in/public/uploads/contact_us_list.pdf लिंक पर उपलब्ध है। सैंपल फ्लैट जनता के देखने के लिए तैयार किए जा चुके हैं, जिससे संभावित खरीददार देखकर सोच-समझकर निर्णय ले सकें। डीडीए के अधिकारी ने बताया कि फ्लैट दिखाने के लिए जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन से मेगा कैंप स्थल तक लाने और वापस ले जाने की परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। कैम्प के अतिरिक्त, डीडीए अधिकारी, कंप्यूटर सिस्टम के आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ 5 जुलाई से नरेला में तैनात है।

राष्ट्रीय सहारा

## जेलरवाला बाग के 1078 पात्रों को फ्लैट का आवंटन

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 'जहां झुग्गी-वहीं मकान' योजना के तहत अशोक विहार स्थित जेलरवाला बाग पात्रों को 1078 फ्लैट आवंटित किए। इन पात्रों के पक्ष में 27 जून को ही मांग पत्र जारी किए जा चुके हैं।

**■ 'जहां झुग्गी-वहीं मकान' योजना के तहत डीडीए ने आवंटित किए हैं वन बेडरूम फ्लैट**

आवंटियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए उप-राज्यपाल के निर्देश पर नव निर्मित परिसर में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। पात्रों की सुविधा के लिए आवंटन पत्रों के वितरण, बायोमेट्रिक की सुविधा, जरूरतमंदों को वित्तीय सहायता मुहैया कराने, कब्जे वाले दस्तावेज तैयार कर जमा कराना एवं कब्जा पत्र जारी करने की सुविधा वहीं सुविधा केंद्र में ही उपलब्ध होगी। भाजपा सांसद डॉ हर्षवर्धन की उपस्थिति में गुरुवार को नवनिर्मित परिसर में सुविधा केंद्र का उदघाटन हुआ। उदघाटन के मौके पर पात्रों को इन सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। अधिकारियों ने सभी पात्रों से आग्रह किया कि वह सुविधा केंद्र में आकर जरूरी दस्तावेत प्राप्त कर लें।

millenniumpost
FRIDAY, 7 JULY, 2023 | NEW DELHI

## Two rescued from debris after under-construction building collapses in city

**NEW DELHI:** Two labourers were rescued from the debris, four hours after two floors of an under-construction building collapsed in south Delhi's Ambedkar Nagar area on Thursday, police said. The police received information about two floors of a building collapsing at J-Block, DDA Market, Dakshinpuri around 4.25 pm, a senior police officer said. After receiving information, five water tenders were sent to the spot, Delhi Fire Services Director Atul Garg said.

The two labourers who were rescued in the joint rescue operation by police and Delhi Fire Services sustained minor injuries and were sent to hospital for treatment, the police said. According to officials of the Municipal Corporation of Delhi, the construction work in the building was halted for a while and had resumed recently on the third and fourth floors.

The incident took place when the roofs along the T-iron collapsed, leaving the labourers trapped, the officials said. Action has been initiated against those responsible under the Delhi Municipal Corporation Act, they added.

It is suspected that heavy rainfall in the city was a possible cause behind the building's collapse, the police said, adding that a case is being registered in connection with the incident. MPOST

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSP अमर उजाला नई दिल्ली | शुक्रवार, 7 जुलाई 2023

# 'पहले आओ-पहले पाओ' आवासीय योजना-चार के लिए नरेला में शिविर कल से

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी 'पहले आओ-पहले पाओ' आवासीय योजना-चार को सफल बनाने के लिए नरेला में विशाल शिविर लगाने का निर्णय लिया है। शिविर लगाने का उद्देश्य जरूरतमंदों को मौके पर ही पंजीकरण कराकर फ्लैट का निरीक्षण कराना है। यह शिविर नरेला के पॉकेट 1 सी, सेक्टर-ए1-ए4 में उपलब्ध फ्लैटों के लिए 8 एवं 9 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सामुदायिक केंद्र लगेगा। खासबात यह है कि शिविर में बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे, जिससे लोगों को बैंक लोन लेने में आसानी रहे। दरअसल डीडीए ने बीते 30 जून को ही यह आवासीय योजना लांच की है। हालांकि फ्लैट की बुकिंग 10 जुलाई से शुरू होगी।

डीडीए ने जारी बयान में कहा है कि शिविर उनके अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे और शिविर में आने वालों को मौके पर जाकर फ्लैट की निरीक्षण कराएंगे। आवेदक की किसी तरह की कोई क्योरी है, तो अधिकारी उसका भी समाधान करेंगे। इसके लिए जरूरतमंद लोग http://eservices.dda.org.in/public/uploads/contact_us_list.pdf बेवसाइट पर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा 1800110332 नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं।

राष्ट्रीय सहारा

# डीडीए ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 1078 फ्लैट किए आवंटित

नई दिल्ली। डीडीए ने अशोक विहार के जेलरवाला बाग में सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत जेजे क्लस्टर के पात्र परिवारों को 1078 ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित किए हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देशों के तहत जेजे निवासियों को असुविधा से बचाने के लिए डीडीए की ओर से सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। इसमें बायोमेट्रिक, इच्छुक आवंटियों को वित्तीय संस्थान की ओर से ऋण के प्रावधान की सुविधा, कब्जे के लिए दस्तावेज तैयार करना और जमा करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ब्यूरो